भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन सं. 01/2024, पद – सहायक लोको पायलट
एवं
सीईएन सं. 03/2024, पद - जेई, डीएमएस, सीएमए आदि

द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी - II) के संभावित कार्यक्रम के संबंध में सूचना

1. उपरोक्त सीईएन के लिए द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी - II) का संभावित कार्यक्रम निम्नानुसार है :

क्र. सं.	सीईएन सं.	पद	परीक्षा	परीक्षा तिथियाँ (संभावित)
1	01/2024	सहायक लोको पायलट	सीबीटी - II	19.03.2025 & 20.03.2025
2	03/2024	जूनियर इंजीनियर(जेई), डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस), रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक(सीएमए), रासायनिक पर्यवेक्षक(अनुसंधान) और धातुकर्म पर्यवेक्षक (अनुसंधान) के विभिन्न पद		

प्रथम चरण सीबीटी के परिणामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और द्वितीय चरण सीबीटी के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी।

2. **परीक्षा शहर व तिथि देखने और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए यात्रा प्राधिकरण डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा ।**

3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरू होगी ।

4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले परीक्षा केंद्र में उम्मीदवारों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। *उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे सीबीटी - II के लिए परीक्षा केन्द्र पर आने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि उनके आधार की बायोमेट्रिक्स सत्यापन के लिए अनलॉक स्थिति में है।* उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र में सुगम प्रवेश के लिए www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करके आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करें यदि पहले से नहीं किया है ।

5. उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को देखने की सलाह दी जाती है। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

6. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश करते है । आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पर आधारित है और भर्ती केवल उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होती है ।

दिनांक :18-02-2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड